## खबर संक्षेप

### गहोई समाज करेगा रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**शहडोल।** गहोई समाज शहडोल द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती के उपलक्ष्य में 3 अगस्त 2025, रविवार को स्थानीय विधि महाविद्यालय शहडोल में विविध सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत दोपहर 1 बजे से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, वहीं शाम 4:15 बजे से जयंती समारोह और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन होगा। इसके अलावा सायं 4 बजे से मनोरंजन के लिए हौजी प्रतियोगिता भी रखी गई है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष अमिता चपरा शिरकत करेंगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीआईजी शहडोल संभाग सविता सोहाने, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उर्मिला कटारे उपस्थित रहेंगी। गहोई समाज शहडोल के अध्यक्ष शशिशंकर सुहाने एवं सचिव नीरज कटारे ने समाज के सभी सदस्यों और नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सामाजिक आयोजन को सफल बनाएं।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**शहडोल।** पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, धरती को हरा-भरा बनाओ, प्रकृति को हरा-भरा बनाने व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विचारपुर खेल परिसर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, सहायक संचालक खेल रईस अहमद सहित फुटबाल खिलाडियो द्वारा पौधरोपण किया गया तथा रोपित पौध के संरक्षण की जिम्मेदारी भी खिलाडियों द्वारा ली गई।

### शासकीय स्कूल चोरी कांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना पुलिस ने कुमुर्दु स्थित शासकीय विद्यालय में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी गया संपूर्ण माल—गैस सिलेंडर, राशन सामग्री, दरी समेत अन्य वस्तुएं जब्त कर ली गई हैं। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और बेहतरीन टीमवर्क का प्रमाण मानी जा रही है। 25-26 जुलाई 2025 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने शासकीय विद्यालय कुमुर्दु में गृहभेदन कर आवश्यक सामग्री चुरा ली थी। शिकायत मिलने के बाद पाली थाना में धारा 331(4), 305(ए)भा.ज.सं. में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पाली थाना एवं मंगठार चौकी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से जांच प्रारंभ की। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर चंद्रशेखर सिंह उर्फ बुद्धू पिता महेश सिंह, लोक सिंह उर्फ लुक्क पिता मंगल सिंह, अंकित सिंह उर्फ लेफ्टी पिता जयकरण सिंह, आकाश वर्मन उर्फ बकरा पिता शंकर वर्मन सभी निवासी मलियागुड़ा को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ और निशानदेही के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गया, गैस सिलेंडर, राशन सामग्री, दरी सहित अन्य सामग्री बरामद कर ली। इसके बाद चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## शहडोल आरटीओ में कागज़ों की जादूगरी

# असली नंबर की जगह पंचिंग वाला 'झांसा'

### कबाड़ बस को मिला नया जनम, दो की हुई गिरफ्तारी

जब सिस्टम सो रहा हो, कागज़ जागते हैं! शहडोल आरटीओ कार्यालय में कागज़ों की जादूगरी का ऐसा खेल चला कि कबाड़ हो चुकी 15 साल पुरानी बस को नए नाम से नया जीवन मिल गया। 'दादू एंड संस' की फर्जी झारखंड एनओसी से शुरू हुआ यह खेल एक नहीं, पूरे सिस्टम की नींव को हिला देने वाला बन चुका है।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

कहते हैं, सरकारें चाहे जितना नियम-कायदा बना लें, कुछ बाबुओं की कलम में ऐसी ताकत होती है कि वे कबाड़ को भी 'काबिल' बना देते हैं। ऐसा ही मामला शहडोल आरटीओ कार्यालय से सामने आया है, जहाँ एक कबाड़ हो चुकी 1992-93 मॉडल की बस को फर्जी झारखंड दस्तावेज़ों के सहारे नया नाम, नया नंबर और नया जीवन दे दिया गया। गाड़ी का नंबर था एमपी 18 6155, जिसकी उम्र 15 साल पार कर चुकी थी और अब उसे मध्यप्रदेश में परमिट मिलना नामुमकिन था। मगर जैसे ही 'दादू एंड संस' की आंखें चमकी, पूरा सिस्टम हरकत में आ गया और बन गया 'जुगाड़' का महागाथा।




### फर्जी को फर्जी से मिला कर दिया पंजीयन!

सभी कागज़ पूरे होने के नाम पर एकबार फिर अनिल खरे ने खेल दिखाया और सेटिंग के माध्यम से पंजीयन करा दिया। इस पूरे खेल में आरटीओ कुशराम साहब की कलम कहीं भी सक्रिय नहीं दिखी, लेकिन खेल उनके ही अधीन विभाग में होता रहा। जब इस फर्जीवाड़े की भनक शिकायतकर्ता को लगी तो उन्होंने तुरंत सोहागपुर थाना, यातायात डीएसपी और पुलिस अधीक्षक शहडोल को लिखित शिकायत दी। प्रकरण संज्ञान में आते ही डीएसपी ने जांच के आदेश दिए और वाहन को थाने में खड़ा कराया गया। प्रथम दृष्टया जांच में यह पाया गया कि चेचिस नंबर पर हथौड़े से गैंडर मारकर नया नंबर पंच किया गया है, जो साफ दिख रहा था। टाटा कमर्शियल जांच टीम ने भी बताया कि गाड़ी में छेड़छाड़ की गई है।

### झारखंड से शहडोल तक की लंबी छलांग

2006 में झारखंड के रांची आरटीओ के नाम पर एक फर्जी एनओसी तैयार की गई। दस्तावेजों में गाड़ी को पुष्पेन्द्र मिश्रा के नाम से खरीदी गई दिखाया गया और फिर उस एनओसी को शहडोल आरटीओ कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया गया। उस समय कार्यालय में बाबू अनिल खरे की कलम की धार चल रही थी। उन्होंने झारखंड एनओसी की सत्यता जांचने का नाटक किया और फाइल को आरटीओ अरविंद सिंह कुशराम के पास नोटशीट के साथ भेजा। लेकिन चौंकाने वाली बात ये कि इस प्रक्रिया में आरटीओ के दस्तखत नहीं हुए। बल्कि दूसरे बाबू एम.पी. सिंह बघेल से हस्ताक्षर कराकर और नीलमणि जो डिस्पैच सेक्शन संभालती थीं, उनके जरिए यह एनओसी बाई हैंड वाहन स्वामी को सौंप दी गई। वाहन स्वामी भी कोई साधारण खिलाड़ी नहीं थे। जिस 'फर्जी एनओसी' को वह खुद लाए थे, उसी का सत्यापन पत्र भी खुद ही बनाकर ले आए। और इस पर भी किसी को आपत्ति नहीं हुई।

### खुलती गई परतें, बढ़ता गया खेल का दायरा

जांच के दौरान रांची आरटीओ से जब सच्चाई सामने आई तो सबके होश उड़ गए, न तो जेएच 01 पी 4872 कोई बस थी। वह नंबर तो मारुति वैगन आर के नाम पर पंजीकृत है। न ही शहडोल आरटीओ को कोई एनओसी जारी की गई थी। न कोई सत्यापन आया, न कोई पत्राचार हुआ। यानी पूरा का पूरा दस्तावेजी सेटअप 'कूटरचित और फर्जी' था। फिलहाल उक्त मामले में अनिल खरे और एम.पी. सिंह बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन जांच अगर सही दिशा में चली तो, दर्जन भर पुलिस की रडार में आ सकते हैं। हालाकि मुख्य आरोपी पुष्पेन्द्र मिश्रा अभी भी फरार हैं। प्रकरण की जांच अभी जारी है और सूत्रों के अनुसार यदि निष्पक्ष जांच हुई तो एक दर्जन से अधिक लोगों को आरोपी बनाया जा सकता है, जिनमें आरटीओ कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं।

### न्याय की गाड़ी धीमी, पर अब स्टार्ट है

यह पूरा मामला न सिर्फ आरटीओ की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, बल्कि इस बात को भी साबित करता है कि कैसे 'कागज़ों के दम पर' एक कबाड़ बस को नया जन्म दिया जा सकता है। अब देखना यह है कि इस फर्जीवाड़े की गाड़ी न्याय की पटरी पर कब तक दौड़ती है या फिर फाइलों के ढेर में हमेशा के लिए कहीं पंच हो जाती है।



# नवजात के लिए मां का दूध अमृत के समान: सीएमएचओ

### विश्व स्तनपान सप्ताह का किया गया शुभारंभ

शहडोल।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा की उपस्थिति में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहडोल में किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। विश्व स्तनपान सप्ताह का नवजात शिशुओं के पोषण, स्वास्थ्य और विकास में स्तनपान के महत्व को लेकर जन-जागरूकता का प्रचार-प्रसार करना, नवजात शिशुओ को 6 माह तक सिर्फ माँ का दूध पिलाने के लिए प्रेरित करना है। नवजात शिशुओ के लिए माँ का दूध अमृत के समान होता है।

उन्होंने कहा कि जन्म के पहले घंटे में शिशु को स्तनपान कराना और छह माह तक केवल माँ का दूध देना शिशु के लिए अत्यंत लाभकारी होता है, माँ के दूध से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। विश्व स्तनपान सप्ताह का मुख्य उद्देश्य विश्व स्तनपान सप्ताह का नवजात शिशुओं के पोषण, स्वास्थ्य और विकास में स्तनपान के महत्व को लेकर जन-जागरूकता का प्रचार-प्रसार करना, नवजात शिशुओ को 6 माह तक सिर्फ माँ का दूध पिलाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आनंद प्रताप सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला उपस्थित था।

# ज्वेलरी दुकान से 95 हजार के लॉकेट पार

## सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

शहडोल।

कोतवाली थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे थाना परिसर के बेहद करीब भी चोरी करने से नहीं हिचक रहे। ताजा मामला गंज क्षेत्र स्थित एक ज्वेलरी दुकान का है, जहां दिनदहाड़े दो महिलाएं और एक पुरुष ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुए और मौके का फायदा उठाकर करीब 95 हजार रुपये के सोने के लॉकेट से भरा बैग चुरा ले गए। घटना को लेकर दुकान संचालक शिवांश सोनी ने कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार दोपहर की है, जब शिवांश किसी जरूरी काम से बैंक गए हुए थे और दुकान पर उनका छोटा भाई मौजूद था। इसी दौरान दो महिलाएं और एक पुरुष ग्राहक बनकर दुकान में आए और जेवर देखने के बहाने बातचीत में उलझाते रहे। इसी बीच एक महिला ने मौका देखकर गहनों से भरे बैग पर हाथ साफ कर दिया। बैग में करीब 30 नग सोने के छोटे लॉकेट रखे थे, जिनकी अनुमानित कीमत 95 हजार रुपये बताई जा रही है।



### कुछ महीने पहले भी हुई थी बड़ी वारदात

गौरतलब है कि कुछ माह पहले शहर के मुख्य गांधी चौक पर भी एक बुजुर्ग महिला के साथ इसी तरह की वारदात हुई थी। मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला को बाइक सवार आरोपियों ने कथित रूप से सम्मोहित (हिप्नोटाइज) कर उससे कीमती जेवर ठग लिए थे। वह पूरी वारदात भी सीसीटीवी में कैद हुई थी, लेकिन अभी तक उस मामले में भी कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात

जब आरोपी दुकान से निकल गए और कुछ देर बाद दूसरे ग्राहक को लॉकेट दिखाने के लिए जब कर्मचारी ने बैग ढूंढा, तो वह गायब मिला। शक होने पर तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें तीनों आरोपी साफ नजर आए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## छात्र परिषद छात्रों में नेतृत्व और अनुशासन का बीजारोपण करती है: कलेक्टर

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हुआ छात्र परिषद अलंकरण समारोह





### नव-निर्वाचित छात्रों को पहनाई गईं अलंकरण पट्टिकाए

शहडोल।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शहडोल में शनिवार को छात्र परिषद अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि छात्र परिषद न केवल विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने में सहायक होती है, बल्कि छात्रों के भीतर नेतृत्व, संवाद और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर छात्र को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर, लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ उसे हासिल करने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई करें और भविष्य में कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य जिम्मेदार पदों पर जाकर देश के समग्र विकास में अपनी भूमिका निभाएं।



इस मौके पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को अलंकरण पट्टिकाएं पहनाकर औपचारिक रूप से शपथ दिलाई। विद्यालय की छात्राओं ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे समारोह का माहौल उल्लासमय और प्रेरणादायक बना रहा। समारोह में नगर निरीक्षक राघवेंद्र तिवारी, तहसीलदार सुमित गुर्जर, जिला खनिज अधिकारी राहुल शाडिल्य, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रीति मिश्रा, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण मौजूद रहे।

# 40 दिव्यांग विद्यार्थियो को वितरित किये गए उपकरण



शहडोल।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र ब्यौहारी में शासकीय शालाओं में अध्यनरत 6 से 14 वर्ष तक के दिव्यांग विद्यार्थियो के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर के उपरांत चिन्हित 40 विद्यार्थियो को उपकरण वितरित किये गए। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी, एल्बो ब्रेल, स्लेट ब्रेल किट, हियरिंग एड, सीपी चेयर, बड़ा रोलेटर आदि के उपकरण वितरित कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उसके उपयोग के तरीके बताए गए। जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह ने कहा कि ये उपकरण न केवल आपकी शारीरिक सहायता के लिए हैं, बल्कि ये आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने का माध्यम हैं। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के पथ पर ये उपकरण सरल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक और समाज मिलकर दिव्यांग विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें। उपकरण वितरण शिविर में नगर परिषद उपाध्यक्ष चन्द्रकली पटेल, आशीष गुप्ता एवं सोनू साकेत पार्षद नगर परिषद ब्योहारी, बीआरसीसी मनोज केशरवानी, प्रभारी आईईडी जिला शिक्षा केन्द्र शहडोल विकास पाण्डेय सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै शेख मुनीर पिता शेख शहादत 65 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 15, टाकीज रोड, प्राईमरी विद्यालय के पास धनपुरी, थाना धनपुरी, तहसील बुढ़ार, जिला शहडोल (म.प्र.) का निवासी हूं। यह कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरे नाम शेख मुनीर की इंग्लिश स्पेलिंग SHAIKH MUNIR दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। जबकि मेरे नाम शेख मुनीर की सही एवं वास्तविक इंग्लिश स्पेलिंग SHEIKH MUNEER है, जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरे नाम शेख मुनीर की इंग्लिश स्पेलिंग SHEIKH MUNEER को ही सही एवं वास्तविक माना तथा पढ़ा, समझा जावे । और सही नाम शेख मुनीर (SHEIKH MUNEER) से पासपोर्ट बनाया जाए।

शपथकर्ता:-
शेख मुनीर (SHEIKH MUNEER)

## खबर संक्षेप

### 4 अगस्त को होगा किशोर दा नाइट कार्यक्रम




**उमरिया।** भारतीय पाश्र्व गायक संगीतकार और अभिनेता किशोर कुमार के जन्म जयंती अवसर पर जिले के बिरसिंहपुर पाली कॉलरी स्टेडियम में आगामी 4 अगस्त को किशोर दा नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति प्रमुख राशिद हुसैन मामू ने बताया कि यह आयोजन शाम 7 बजे से आरंभ की जाएगी, जिसमें क्षेत्र के संगीत प्रेमी अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति सदस्य दीपू त्रिपाठी हेमंत तिवारी विक्की दहिया ने समस्त संगीत प्रेमियों से इस आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

### कल होगी जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त 2025 रक्षाबंधन, 10 अगस्त 2025 को कजलियां पर्व एवं 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाना है। जिस संबंध मे 4 अगस्त 2025 को अपरान्ह 1 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार मे शांति समिति की बैठक का आयोजित की गई है। बैठल में सर्व संबंधितो से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शाल श्रीफल से किया गया सम्मान



**उमरिया।** शासन के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को सेवा निवृत्त होने के बाद पीपीओ प्रदान करते हुए कलेक्टर सभागार में शाल श्रीफल से संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया ने सम्मानित किया। संयुक्त कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा में आने के पश्चात सेवा निवृत्त होना शासकीय प्रक्रिया है। सेवा निवृत्ति के पश्चात सभी समाज से जुड़े,अपने घर के दायित्वों का निर्वहन करे। उन्होंने पीपीओ पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की । इस अवसर पर सेवा निवृत्त राजभान सिंह, वीरेंद्र कुमार दुबे, महेंद्र कुमार गौर, रघुवीर दयाल भारती, मोहनलाल यादव, जगपती सिंह मरावी, उर्मिला बाई, डॉक्टर एम पी तिवारी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। जिला पेंशन अधिकारी अखिलेश पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया। इस दौरान सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सहायक पेंशन अधिकारी सत्यवती प्रजापति, विश्वजीत पुसाम, सतेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।


## भ्रष्टाचार पर घी और बादाम का तड़का, एक माह बाद भी मामला ठण्डा


# जिला प्रशासन के घी-भरे होंठ और बादाम से चिपके दांत

### ड्रायफ्रूट कांड में प्रशासन की मौन साधना

**शहडोल।** 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के बहाने अधिकारियों को ड्रायफ्रूट खिला-खिलाकर पंचायतें खुद कंगाल हो रही हैं, लेकिन प्रशासन है कि मुंह में घी-शक्कर डाले बैठा है। ड्रायफ्रूट फर्जी बिल कांड ने प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में सुर्खियां बटोरीं, फिर भी एक महीने बाद तक न जांच शुरू हुई, न दोषियों पर कोई कार्रवाई। अब सवाल ये है 'काजू-बादाम की मलाई में प्रशासन की नीयत कितनी साफ है?' जिले में बीते माहों में जल संरक्षण से ज्यादा काजू-बादाम की चर्चा रही। जल गंगा संवर्धन अभियान के नाम पर शुरू हुआ सरकारी तमाशा ड्रायफ्रूट भोज में बदल गया, पंच परमेश्वर पोर्टल से फर्जी बिलों को गायब करवा देना, मानो जिला प्रशासन के लिए बच्चों का खेल हो। जो मामला पूरे देश में सुर्खियों में रहा, वह अब फाइलों में ठंडा बादाम बनकर पड़ा है। सबसे हास्यप्रद बात यह है कि एक महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन के 'काजू प्रेम' पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। जिम्मेदार अधिकारी और बाबूगण शायद यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि इस ड्रायफ्रूटीय घोटाले को पचाने के लिए और कितने लीटर घी की जरूरत होगी।





### बिना बजट के बादामी स्वागत!

भदवाही पंचायत में जिला स्तरीय अधिकारियों के स्वागत में काजू-बादाम, किशमिश, घी, दूध, बिस्किट और नमकीन की इतनी वैरायटी परोसी गई कि स्थानीय दुकानदार भी शरमा जाएं। 19,010 रुपये के भोज में अधिकारीगण कुछ यूं व्यस्त रहे, जैसे अमृत पीने का आखिरी मौका हो और ऊपर से 2 किलो घी पर 5,260 रुपये की अतिरिक्त मेहमाननवाजी ये तो शुद्ध रूप से 'सरकारी घी-लीला' थी। जल गंगा अभियान में कोई फंड जारी नहीं किया गया, फिर भी पंचायतों ने मानो स्वागत सेवा कोष खोल लिया हो। शासकीय योजनाओं की ज़मीन पर स्थिति चाहे जो हो, अधिकारियों के लिए पंचायतें अब ड्रायफ्रूट सप्लाई यूनिट बन चुकी हैं।

### प्रशासनिक चुप्पी की मलाईदार राजनीति

अब मजेदार बात ये है कि पंच परमेश्वर पोर्टल से ही ड्रायफ्रूट भोज के अपडेट बिल हटवा दिए गए। ऐसा लगता है जैसे भ्रष्टाचार नहीं, 'स्मार्ट वर्क' किया गया हो। पूछने पर जवाब मिलता है, एआई जनरेटेड बिल थे, मानो कोई मशीन फर्जीवाड़ा कर रही हो और अफसर दूध में धुले बैठे हों। स्थानीय लोग तो कहते हैं कि अधिकारियों के वाहन में ही बादाम-काजू के पैकेट रखवाए गए थे, ताकि ससम्मान परिवार समेत सेवन किया जा सके। पंचायत सचिव की 'ईमानदारी' पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्या इतनी मात्रा में सामग्री खुद खाने के लिए खरीदी गई, या फिर 'ससम्मान भेंट' कर दी गई?

### साफ जल नहीं, साफ नीयत चाहिए!

ग्रामों में जल संरचनाओं की सफाई पर काम नगण्य है, परन्तु अफसरों के पेट की सफाई का पूरा इंतजाम किया जा चुका है। शासन की मंशा चाहे जल बचाने की रही हो, लेकिन मैदान में उतरे अफसर पानी की नहीं, दूध और घी की धार में बहते नजर आए। इतनी गंभीर गड़बड़ी अब तक जिम्मेदार विभाग ने जांच दल का नाम बताना जरूरी नहीं समझा। सवाल उठता है कि क्या यह सब कुछ 'ऊपर से आदेश' या 'नीचे से दबाव' में दबा दिया गया है? पत्रकार पूछते रह गए, लेकिन जवाब में घी-भरे होंठ और बादाम से चिपके दांत ही दिखे। अब सवाल यह नहीं कि फर्जी बिल लगे या नहीं, सवाल यह है कि इस मामले में जिला प्रशासन की नीयत कितनी पारदर्शी है? क्या भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए पूरे सिस्टम ने मिलकर 'ड्रायफ्रूटीय चुप्पी' साध ली है? जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक यह सवाल कायम रहेगा क्या जल संरचना से पहले प्रशासन की संरचना की सफाई जरूरी नहीं?

## बाबा भोलेनाथ का रथ कांवड़ियों के साथ आज होगा अमरकंटक रवाना

### कल नर्मदा जल लेकर जालेशवर में करेंगे जलाभिषेक

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिह मार्को के नेतृत्व में आज सुबह 10 बजे शंकर मंदिर राजेंद्रग्राम से बाबा भोलेनाथ की दिव्य एवं भव्य पैदल यात्रा कांवड़ियों के साथ प्रारंभ होगी। जो विभिन्न ग्राम, मजरा टोला होते हुए अमरकंटक जाएगी। जहां मां नर्मदा मंदिर में दर्शन करने के पश्चात नर्मदा कुंड से जल लेकर जालेशवर धाम जाएंगे। जहां भगवान भोलेनाथ को नर्मदा जल से जलाभिषेक किया जाएगा और वहीं पर भंडारे का कार्यक्रम आयोजित होगा। पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिह मार्को ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रावण मास का अंतिम सोमवार 4 अगस्त को है।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजेंद्रग्राम शंकर मंदिर से आज पदयात्रा सुबह 10 बजे बाबा भोलेनाथ के रथ के साथ प्रारंभ होकर रवाना होगी।जो की दोपहर में नोनघाटी पहुंचेगी जहां सभी लोग भोजन लेंगे। भोजन के पश्चात पोड़की के लिए रवाना होंगे।रात्रि विश्राम पोड़की में करेंगे एवं 4 अगस्त की सुबह 6 बजे यात्रा पुन प्रारंभ होगी जो अमरकंटक मां नर्मदा मंदिर पहुंचेगी। जहां पूजा अर्चना करने के पश्चात नर्मदा कुंड से जल लेकर सभी लोग जालेशवर धाम पदयात्रा में जाएंगे। जहां भगवान भोलेनाथ को सभी लोग जलाभिषेक करेंगे। उसके पश्चात वहीं पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे। पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिह मार्को ने कहा कि क्षेत्र की कुशलता,भलाई,उन्नति,सभी जन समुदाय के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना भगवान भोलेनाथ से करेंगे। उनकी कृपा हम सभी पर बरसती रहेगी। सभी लोग यात्रा में शामिल हो और पुण्य लाभ प्राप्त करें।



## बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सशक्त पहल

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर के मार्गदर्शन में जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र' द्वारा शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक मूल्यों के प्रसार की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाया गया। समिति की अध्यक्षा श्रीमती विनीता शर्मा के नेतृत्व में समिति की सदस्याएं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ पहुँचीं, जहाँ कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं से संवाद किया गया। इस अवसर पर समिति की सदस्या डॉ. सरोज बालाश्यांग बिश्नोई ने छात्राओं को जीवन में स्वास्थ्य, स्वच्छता, बड़ों के प्रति सम्मान एवं सेवा तथा आत्मनिर्भरता जैसे मूल्यों के विषय में प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति ने एक और निर्णय लेते हुए विद्यालय की 12 छात्राओं की वार्षिक शिक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार की। यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता का भी परिचायक है। यह आयोजन जागृति महिला समिति की उस सोच का प्रतिबिंब है, जो नारी सशक्तिकरण को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्तव्यों के रूप में जीती है।



## सहायक उप निरीक्षक के सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक प्रमोद वर्मा 31 जुलाई को सेवानिवृत हुए इस अवसर पर शुक्रवार को थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल, उप निरीक्षक अकबर खान, श्यामलाल मरावी, सउनि विनय सिंह, गोविंद प्रजापति, लालजी श्रीवास्तव, रामखेलावन, अरविंद सिंह, मनोज उपाध्याय सहित स्टाफ शामिल रहा। सभी लोगों ने प्रमोद वर्मा के कार्यकुशलता के साथ अच्छे व्यतित्व का धनी बताया। जो सम्मान के साथ सेवानिवृत्त हो रहे। प्रमोद वर्मा ने कहा कि पुलिस विभाग मे सेवा देना बड़ी चुनौती पूर्ण भरी ड्यूटी होती है। ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने वाले का सम्मान होता है। 30 वर्षों से ज्यादा समय तक समाज की सेवा करते रहे। कोतमा का पूरा स्टाफ का बराबर सहयोग मिलता रहता था जिससे कार्य करने में आसानी रही। सेवानिवृति पर सहायक उप निरीक्षक का अभिनंदन कर सम्मान पत्र भेंट किया गया। सभी ने सुखमय जीवन की कामना की।

## नवीन चुनाव को लेकर अधिवक्ता संघ में हलचल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** अधिवक्ता संघ का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद भी नवीन चुनाव न कराए जाने को लेकर अधिवक्ता संघ में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के द्वारा अध्यक्ष राजेश सोनी के नाम पत्राचार करते हुए जल्द से जल्द नवीन चुनाव करते हुए करने के आदेश दिए हैं। 45 दिवस के अंदर चुनाव कराकर परिषद को जानकारी प्रदान करने एवं पूर्व के पदाधिकारियों को दायित्व संभालेंगे का आदेश जारी किया गया है। नवीन चुनाव का बिगुल बजते ही अधिवक्ता संघ में चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है।

## मप्र क्विज प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा शासकीय बालक उमावि कालरी में संपन्न



**उमरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में म0प्र0 राज्य पर्यटन बोर्ड की म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 की लिखित परीक्षा शास. बालक उ.मा.वि. कालरी उमरिया में एवं द्वितीय चरण मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सामुदायिक भवन उमरिया में किया गया। क्विज प्रतियोगिता में कुल पंजीकृत 127 टीमों में से 115 विद्यालयों की टीमों ने सहभागिता की। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में 6 टीम चयनित हुई, लिखित परीक्षा में प्रथम स्थान अशास. देवर्षि उ.मा.वि. महरोई, द्वितीय स्थान शास.उ.मा.वि. कुमार मंगलम नौरोजाबाद, तीसरा स्थान अशास. नवज्योति अकादमी उ.मा.वि. मानपुर, चौथे स्थान पर शास. सज्जन उत्कृष्ट उमरिया, पांचवे स्थान पर शास. मॉडल उ.मा.वि. करकेली एवं छठवें स्थान अशास. सेंट्रल एकेडमी हा.से. बड़ेरी को प्राप्त हुआ हुआ। द्वितीय चरण की मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता में प्रथम विजेता अशास. देवर्षि उ.मा.वि. महरोई, द्वितीय विजेता शास.उ.मा.वि. कुमार मंगलम नौरोजाबाद एवं तृतीय विजेता अशास. नवज्योति अकादमी उ.मा.वि. मानपुर रहे। इसी प्रकार प्रथम उपविजेता शास. मॉडल उ.मा.वि. करकेली, द्वितीय उपविजेता शा. सज्जन उत्कृष्ट उ.मा.वि. उमरिया एवं तृतीय उपविजेता अशास. सेंट्रल एकेडमी हा.से. बडेरी उमरिया रहे। प्रतियोगिता में उपस्थित सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में चयनित विजेता टीमों को 03 दिन एवं 02 रात म.प्र. पर्यटन विकास निगम की म.प्र. स्थित होटल में निःशुल्क आवास, भोजन, परिवहन एवं भ्रमण हेतु कूपन प्रदान किए गए। इसी प्रकार उपविजेता टीमों को 02 दिन एवं 01 रात म.प्र. पर्यटन विकास निगम की म.प्र. स्थित होटल में निःशुल्क आवास, भोजन, परिवहन एवं भ्रमण हेतु कूपन प्रदान किये गये। विजेता एवं उपविजेता टीम को पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र, मेडल एवं कूपन प्रदान किए गए। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। क्विज प्रतियोगिता में दर्शकों के लिये भी प्रश्न रखे गये थे जिसमें सही उत्तर देने वाले दर्शकों को उपस्थित अधिकारियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये।जे.आर. क्विज प्रतियोगिता में गणमान्य नागरिकों के साथ नोडल अधिकारी श्री आर.एस. मरावी- जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया, बी.एस. मरावी- ए.डी.पी.सी., विनोद मिश्रा व्यवसायिक शिक्षा समन्वयक, मिथलेश विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी करकेली एवं म.प्र. पर्यटन विकास निगम से प्रतियोगिता हेतु प्रेक्षक सुनील मरावी एवं राजू बर्मन, नागेन्द्र सिंह तिवारी, क्विज मास्टर एवं अरविंद कुमार त्रिपाठी क्विज मास्टर व श्री धनेन्द्र तिवारी स्कोरर एवं सुशील मिश्रा- प्रधानाध्यापक डाईट उमरिया स्कोरर,बृजेश शर्मा- उ.मा.शि. डाईट उमरिया एवं अन्य सहयोगी शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकार बहनों को आत्म निर्भर बनाने कृत संकल्पितः अनुजा

### अतिथियों ने आकांक्षा हाट पर किए हस्ताक्षर तथा छोड़ी हुनर की छाप

**उमरिया।** प्रदेश सरकार स्व सहायता समूहों को आत्म निर्भर बनाने के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप जिले में स्व सहायता समूहों का गठन किया गया है जिसमें महिलाओं व्दारा विभिन्न उत्पादों को तैयार कर विक्रय किया जाता है। उक्त आशय के विचार जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने मानपुर जनपद पंचायत के स्टेडियम में आयोजित संपूर्णता अभियान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा बेटी के जन्म लेने पर लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया जा रहा है । इसी तरह लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में सीधे राशि अंतरित की जा रही है । उस राशि का उपयोग महिलाएं अपने दिनचर्या के कार्यो में कर रही है । उन्होने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत मानपुर में स्वास्थ्य एवं पोषण,शिक्षा, कृषि आधारित सेवाएं, मूलभूत संरचनाएं एवं सामाजिक विकास पर कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय 'आकांक्षा हाट' का आयोजन किया गया है , जिससे स्व सहायता समूहों की महिलाओं को एक मंच मिला है।तीन दिवसीय हाट का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों, महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री, कारीगरों की कलाकृतियों और विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को एक साझा मंच पर लाना है। यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मददगार सिद्ध होगी। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम, नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 7 जनवरी 2023 में की गयी आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत चयनित 5 थीम्स एवं 39 संकेतांको के प्रगति के विश्लेषण के आधार पर चलाया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि आधारित सेवाएं, मूलभूत संरचनाएं एवं सामाजिक विकास शामिल है।संपूर्णता अभियान- नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा गत वर्ष जुलाई 2024 से लेकर सितंबर 2024 तक संपूर्णता अभियान का विशेष कार्यक्रम चलाया गया जिसमें चयनित कुल 39 संकेतांको में से 6 संकेतांको के ऊपर विशेष रूप से अभियान चलाया गया जिसमें हेल्थ एंड न्यूट्रिशन इंडिकेटर के अंतर्गत एमसी पंजीयन पूरक पोषण आहार एवं बीपी और हाइपरटेंशन की जांच जैसे प्रोग्राम शामिल है । कृषि विभाग के एक महत्वपूर्ण इंडिकेटर सॉइल हेल्थ कार्ड जनरेशन और वितरण का भी इंडिकेटर इस प्रोग्राम में शामिल किया गया है एवं सोशल डेवलपमेंट थीम के अंतर्गत स्व सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड देने की व्यवस्था भी इस संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के दौरान ही की गई थी।

उन्होने कहा कि आकांक्षा हॉट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को एकीकृत मंच प्रदान करना है।आकांक्षा ब्रांड के अंतर्गत उन्हें बाज़ार उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीण महिलाओं, स्व-सहायता समूहों एवं कारीगरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। आकांक्षा ब्रांड के अंतर्गत एक आकांक्षा हॉट कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसमें स्व सहायता समूहों के द्वारा अपने स्थानीय विभिन्न उत्पादों के स्टॉल आकांक्षा हॉट के माध्यम से आम नागरिकों के सामने स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए इस आकांक्षा हॉट की प्रदर्शनी लगाई गई है।

कार्यक्रम को जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह ने भी संबोधित करते हुए कहा कि तीन दिन तक चलने वाले आकांक्षा हाट के माध्यम से स्व सहायता की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री हो सकेगी और वे तरक्की की राह पर निरंतर पर आगे बढ़ती रहे, ऐसी मेरी शुभकामना है। कार्यक्रम में अतिथि सहित अन्य अतिथियों के व्दारा आकांक्षा हाट में हस्ताक्षर किए गए तथा हुनर की छाप छोड़ी गई । कार्यक्रम के अंत में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम जुलाई 2024 से सितंबर 2025 में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य रोशनी सिंह, श्रीमती पटेल, जिला पंचायत सदस्य सावित्री मौजीलाल चौधरी, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले,तहसीलदार मानपुर पंकज नयन तिवारी,सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सुशील मिश्रा ने किया।









### प्रदर्शनी में एन आर एल एम की रही धूम प्रदर्शनी का अथितियों ने किया निरीक्षण, क्रय किये उत्पाद



मानपुर जनपद पंचायत स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह मे आयोजित प्रदर्शनी में एनआरएलएम की धूम रही। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि सहित अन्य अथितियों ने किया। प्रदर्शनी में विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा साबुन, ब्रेसलेट, पौधों की नर्सरी,पापड़, रुई, आचार, बैगा आर्ट में पेंटिंग, लॉकेट, रुमाल में आर्ट, टीशर्ट में आर्ट, कुटकी की खीर, मुनगा के पत्ते की भजिया, इन्द्रहार के साथ ही स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग व्दारा औषधि की प्रदर्शनी, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व्दारा नल जल योजना, महिला बाल विकास विभाग व्दारा विभाग व्दारा संचालित योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी, राजस्व विभाग, कृषि विभाग ,खनिज विभाग, जन जातीय विभाग पीएम जन अभियान परिषद, नगर परिषद मानपुर, वन विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा अपनी हितग्राही मूलक योजनाओ से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में जिला पंचायत अध्यक्ष, सीईओ जिला पंचायत, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद सदस्यों सहित अन्य जनों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उत्पादों को क्रय किया।



## खबर संक्षेप

### जिले में 9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1 मिली मीटर, कोतमा में 31 मिली मीटर, बिजुरी म् 13.8 मिली मीटर, वेंकटनगर में 8 मिली मीटर, अमरकंटक में 1.8 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 16.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र जैतहरी तथा पुष्पराजगढ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों को अंतरित की राशि

**अनूपपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी, उत्तर प्रदेश से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय किसान सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप कुमार मोगरे सहित बडी संख्या में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से देश के 9 करोड 70 लाख से अधिक किसानों को 20,500 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की।

### झूलेलाल मंदिर से स्कूटर रैली कल निकलेगी

**कटनी।** भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव की श्रृंखला में स्कूटर रैली का आयोजन 3 अगस्त को शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस रैली का आयोजन सुहिणा सिंधी ग्रुप द्वारा पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत कटनी के मार्गदर्शन तथा अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। स्कूटर रैली को लेकर समाज के युवा, महिलाएं और बच्चे सभी में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रैली श्री झूलेलाल मंदिर, गुरुनानक वार्ड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दुबे कॉलोनी पहुंचेगी, जहां भव्य महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ इसका समापन होगा। रैली में सहभागिता देने वाले प्रमुख संगठनों में झूलेलाल सेवा समिति, झूलेलाल चालिहा समिति, सिंधु नोजवान मंडल, सिंधु सेवा समिति, सिंधी भावरण ग्रुप, सिंधु आदर्श सोसायटी, सुपर ग्रुप, वरुण संस्था, वरुण महिला मंडल, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, भारतीय सिंधु सभा एवं चालिहा महिला मंडल शामिल हैं।

## ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, एक का पैर कटकर अलग हुआ

# चंदिया थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा

**जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। हादसा इतना भयानक था कि एक युवक का बायां पैर पूरी तरह से कट कर अलग हो गया।**

हरिभूमि न्यूज, उमरिया।



दोनों घायलों को गंभीर हालत में शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल सुशील भूमिया पिता झुरु भूमिया उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी बरनमहगवा, कटनी तथा दूसरा युवक चरका भूमिया बाइक से उमरिया की ओर जा रहे थे। चंदिया थाना क्षेत्र में मुख्य सडक़ के पहले मोड़ पर अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी और दोनों युवकों को रौंदते हुए निकल गया।

हादसे में दोनों सवारों के पैर ट्रक के नीचे आ गए, जिससे वे सडक़ पर तड़पते रहे। इसी दौरान रायपुर से लौट रही एक प्राइवेट एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल उमरिया ले जाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर डॉ. के.सी. सोनी ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर है, विशेषकर चरका भूमिया की। उसका बायां पैर पूरी तरह से कट चुका है, जिस वजह से उसे तत्काल शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### प्रशासन की सक्रियता पर सवाल

हादसे के बाद चंदिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ट्रक किस कंपनी का था और उसका चालक मौके से फरार हुआ या पकड़ा गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मोड़ पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। हादसे के बाद लोगों में रोष है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाने की मांग की है।

### पुनः सवाल उठता है जिम्मेदार कौन?

तेज रफ्तार वाहनों, लापरवाह ट्रक चालकों और प्रशासन की निष्क्रियता का खामियाजा आम लोगों को अपनी जान और अंग गंवाकर चुकाना पड़ रहा है। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का भी एक और सबूत है। हादसे की जांच जारी है, और पुलिस ने ट्रक की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# कंचनपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 110 पौधों का रोपण




शहडोल।

जिले के ग्राम कंचनपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 110 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और मां के प्रति सम्मान की अनोखी अभिव्यक्ति करना रहा। कार्यक्रम में परिषद के जिला अध्यक्ष निलेश जैन, भावना जैन और सर्वज्ञ जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अध्यक्ष कल्याणी वाजपेई और अनिकेत बाजपेई ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सोनी, पार्षद सुशील कुमार रजक और सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू पटेल सहित ग्राम कंचनपुर के अनेक गणमान्य नागरिक, युवा और महिला स्वयंसेवक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए वृक्षारोपण को समय की आवश्यकता बताया। वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान केवल हरियाली नहीं लाते, बल्कि समाज को जोडऩे और पारिवारिक मूल्यों को संजोने का कार्य भी करते हैं।

कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कल्याणी वाजपेई ने अपने वक्तव्य में कहा हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यह न केवल एक जीवंत स्मृति बनेगी, बल्कि आने वाली पीढिय़ों के लिए हरियाली की सौगात भी होगी। पौधारोपण के उपरांत उपस्थित लोगों को पौधों के संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। यह अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिससे अन्य गांवों में भी ऐसे प्रयासों की प्रेरणा मिलेगी। कंचनपुरवासियों की यह पहल यह सिद्ध करती है कि जब नीयत नेक हो, तो प्रकृति भी मुस्कुरा उठती है।

# बालाघाट को 5-1 से हराकर रिलायंस शहडोल टीम फाइनल में पहुंची



शहडोल।

मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग इंदौर तथा नेशनल स्पोर्ट्स क्लब महू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सब जूनियर बालिका इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में रिलायंस शहडोल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालाघाट को 05-01 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल मुकाबले में शहडोल की रोशनी ने 3 गोल, दिव्या ने 1 गोल और चाँदनी ने 1 गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। यह मुकाबला कोच सीताराम शहीस, राजू बैगा एवं आंचल केवट के मार्गदर्शन में खेला गया, जिसमें टीम की हर खिलाड़ी ने दमदार प्रदर्शन किया। दूसरे सेमीफाइनल में मंडला ने बड़वानी को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मुकाबला 03 अगस्त को शहडोल और मंडला के बीच खेला जाएगा।

यह पहली बार है जब शहडोल जिले की बालिका टीम ने किसी राज्य स्तरीय ओपन टूर्नामेंट में भाग लिया और प्रत्यक्ष रूप से फाइनल तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की। यह उपलब्धि जिले के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। टीम की इस ऐतिहासिक सफलता पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट साइट हेड राजेश वर्मा, नॉन-टेक्निकल साइट हेड मनीष वर्मा, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, सीबीएम सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव, फुटबॉल कोचिंग टीम एवं संपूर्ण सीएसआर टीम ने टीम को शुभकामनाएं व बधाई दी।

टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। अब तक 12 क्वालिफाइंग मैच एवं 2 सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा चुके हैं। फाइनल के बाद मध्यप्रदेश की राज्य स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा, जो आगामी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जोरहाट (असम) में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

### सुंदरता के लिए फूलदार पौधे का रोपण करने दिए निर्देश

**कटनी।** नगर निगम की हरित पहल को बढ़ावा देते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर में स्थित बरगवां ओवरब्रिज के नीचे के स्थल का पैदल निरीक्षण कर बरगवां से चांडक चैक तक ब्रिज के नीचे उचित संभावित रिक्त स्थलों पर फूलदार एवं सुंदर पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव नगर निगम के उपयंत्री संजय मिश्रा एवं मोना करेरा की मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा है कि इन रिक्त स्थलों में फूलदार एवं सुंदर पौधों का रोपण हो जाने से न केवल हरियाली और शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। महापौर श्रीमती सूरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधारोपण के लिए उपयुक्त पौधों का चयन कर शीघ्र कार्य योजना तैयार करें और पौधों का रोपण करते हुए पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## बैंक सखी एवं पशुपालन से हर माह अर्जित कर रहीं 15 हजार रूपए

# दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से सपनों को किया साकार, प्रेरणा स्रोत बनीं पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रामीण आजीविका मिशन की स्व-सहायता समूह की गतिविधियों का लाभ लेकर हजारों दीदियां अपनी मेहनत और उद्यम से समृद्धि की इबारत लिख रहीं हैं। इन्हीं में से एक है विजयराघवगढ़ की पूजा यादव।

विकासखंड विजयराघवगढ़ की निवासी पूजा यादव एक साधारण परिवार से आती हैं। पूजा बचपन से ही पढ़ने-लिखने में होशियार रहीं हैं। पढ़ाई के दौरान ही पूजा की शादी हो गई। शादी के बाद पूजा ने अपनी पढ़ाई जारी रखते हुये न केवल कॉलेज की पढ़ाई पूरी की बल्कि कम्प्यूटर की पढ़ाई भी की। इस दौरान पूजा के ससुराल का पूरा सहयोग मिला। पूजा बताती हैं कि ससुराल में आय का स्त्रोत कृषि एवं पशुपालन है। जब मेरे पति को रोजगार हेतु बाहर जाना पड़ा तब मेरे मन में परिवार को आर्थिक रूप से सहयोग करने की इच्छा हुई। मैंने अपने नजदकी के गाँव के एक स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया। जिससे परिवार को थोड़ा बहुत आर्थिक सहयोग मिला।





पूजा ने वर्ष 2021 में 15 अन्य महिलाओं को एकजुट किया और पूजा स्व-सहायता समूह का गठन किया। पूजा ने समूह से 15 हजार रूपये ऋण लिया और इस राशि का उपयोग अपने परिवार के कृषि कार्य में किया जिससे आर्थिक लाभ मिला। इसके साथ-साथ पूजा यादव के द्वारा अपने ग्राम में 6 नये स्व-सहायता समूहों का बचत खाता खुलवाया गया तथा रिवाल्विंग फण्ड दिलवाया गया।

जनपद पंचायत कार्यालय विजयराघवगढ में संकुल स्तरीय सगंठन की मासिक बैठक के दौरान पूजा को बैंक सखी की नियुक्ति के बारे में जानकारी मिली। पूजा की रूचि एवं शिक्षित तथा मिलनसार स्वभाव को देखते हुय तथा समूह एवं ग्राम सगंठन से जुड़े होने के कारण पूजा का चयन बैंक सखी के रूप में कर लिया गया। इसके बाद जनपद स्तर पर विकासखण्ड प्रबन्धक के द्वारा बैंक सखी के रूप में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा विजयराघवगढ में नियुक्त किया गया। बैंकसखी के रूप में बैंक के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत 5 ग्रामों की ग्राम सगंठन की बैठक की जवाबदारी पूजा को दी गई। जिससे 5 ग्रामों के लगभग 80 स्व-सहायता समूहों की 985 महिलाये पूजा यादव को बैंकसखी के रूप में जानने लगी। जिससे पूजा यादव की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृध्दि हुई।

पूजा ने बैंकसखी के रूप में अब तक 13 समूहों का बचत खाता खुलवाया एवं 22 समूहों का कुल 30 लाख रूपये का ऋण वितरण करवाया। इसके अलावा व्यक्तिगत बचत खाता खुलवाना, बीमा एंव पेंशन योजना के आवेदन भी बैंकों में करवाये। जिससे प्रतिमाह औसतन 2 हजार 500 रूपये की अतिरिक्त मासिक आय होने लगी।

### परिवार को आर्थिक रूप से बनाया मजबूत

पूजा यादव ने पशुपालन कार्य को आगे बढाने के लिये समूह से 60 हजार रूपये लेकर 1 भैंस खरीदी जिससे प्रतिदिन 10 लीटर अतिरिक्त दूध का उत्पादन होने लगा। अब कुल मिलाकर प्रतिदिन 20 लीटर दूध उत्पादन से परिवार को औसतन 15 हजार रूपये मासिक आय होने लगी। इस तरह दृढ इच्छा शक्ति और मेहनत के दम पर पूजा ने अपने साथ-साथ अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जिससे जीवन स्तर में सुधार हुआ और सामाजिक मान सम्मान भी बढा।

## अतिक्रमण की चपेट में शासकीय महाविद्यालय

# नगर परिषद की कार्रवाई पर उठे सवाल

ब्योहारी।

नगर के वार्ड क्रमांक 09 स्थित शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जो क्षेत्र का इकलौता उच्च शिक्षा संस्थान है, इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में आकर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह वही महाविद्यालय है, जहां से क्षेत्र के वर्तमान विधायक शरद कोल ने न केवल शिक्षा प्राप्त की, बल्कि राजनीतिक जीवन की शुरुआत भी की। इस कॉलेज की दुर्दशा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और नगर परिषद की पक्षपाती कार्यशैली को उजागर कर रही है।

### मुख्य द्वार पर भी कब्जा

कॉलेज परिसर की भूमि खसरा नंबर 275 से 284/2 तक, कुल 3.60 एकड़ क्षेत्रफल में दर्ज है। बावजूद इसके कॉलेज के मुख्य द्वार और आसपास के क्षेत्र में अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण फैला हुआ है। वर्षों से कॉलेज के सामने अस्थायी बस स्टैंड संचालित हो रहा है, जहां फल, चाय, सब्जी, पान व होटल जैसी सैकड़ों दुकानें सजी हैं। इसके चलते छात्रों और स्टाफ को रोज़ आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### नगर परिषद का गरीबों पर कहर

हाल ही में नगर परिषद द्वारा कॉलेज के सामने से अतिक्रमण हटाने का ढिंढोरा पीटा गया, लेकिन यह कार्रवाई भी सवालों के घेरे में है।



परिषद ने केवल तीन-चार गरीब फुटपाथ दुकानदारों को हटाया, जो वर्षों से कॉलेज की बाउंड्री के बाहर नाली के भीतर अपनी रोजी-रोटी चला रहे थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्रवाई रंजिशन की गई, ताकि अपने खास समर्थकों को दुकानें अलॉट की जा सकें।

### वीडियो वायरल के बाद शुरू हुआ खेल

मार्तण्ड गंज वार्ड क्रमांक 7 में मजिस्ट्रेटी के सामने कुछ लोगों को हटाकर एक रवि गुप्ता नामक व्यक्ति की बड़ी लोहे की गोमती रखवाए जाने का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद नाराज़ नगर परिषद अध्यक्ष ने वीडियो बनाने वाले के रिश्तेदार की फल दुकान को हटवाया और पुलिस बल के साथ दबाव बनाकर तीन-चार और दुकानों को उजाड़ दिया। यह सब तब हुआ जब आस-पास सैकड़ों अतिक्रमण जस के तस खड़े हैं। स्थानीय जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि जब महाविद्यालय के सामने इतने बड़े पैमाने पर कब्जे हैं, तो केवल चंद गरीब दुकानदारों को ही क्यों हटाया गया? क्या नगर परिषद की नजरें केवल उन पर ही टेढ़ी होती हैं, जिनसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलता?

### भाजपा की छवि पर बट्टा

इस एकतरफा कार्रवाई से न केवल नगर परिषद अध्यक्ष की साख को धक्का लगा है, बल्कि भाजपा की छवि भी क्षेत्र में बुरी तरह धूमिल हो रही है। कॉलेज जैसे संवेदनशील शैक्षणिक संस्थान के सामने की अराजकता और अतिक्रमण पर अगर जनप्रतिनिधि, प्रशासन और परिषद सब चुप हैं तो यह लोकतंत्र की विफलता का सीधा संकेत है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शासकीय महाविद्यालय के चारों ओर से पूर्ण रूप से अतिक्रमण हटाया जाए। कार्रवाई में पक्षपात न कर, समान रूप से कानून का पालन किया जाए। कॉलेज के रास्ते को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कर छात्रों को मूलभूत सुविधा दी जाए। वरना आने वाले चुनावों में जनता जवाब देना जानती है। यह महज अतिक्रमण का मुद्दा नहीं, भविष्य की पीढिय़ों की शिक्षा और सम्मान का प्रश्न है।

## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल को तत्परता से दी गई सहायता



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। रात्रि हाईवे पर हुई एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को यातायात हाईवे चौकी अनूपपुर टीम द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की गई। यह सहायता 'पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान' के निर्देशन में चल रही सतत पेट्रोलिंग के दौरान संभव हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही एएसआई आनंद तिवारी, एएसआई संजय श्रीवास एवं अन्य स्टाफ द्वारा तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिलाया गया एवं सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाया गया। ज्ञात हो कि जिला पुलिस द्वारा लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है ताकि आमजन को समय पर सहायता मिल सके एवं सड़क हादसों में जान-माल की हानि रोकी जा सके।

### बोल बम के साथ निकलेगी कांवड़ियों की अमरकंटक से यात्रा



अनूपपुर। सावन के पावन अवसर पर 4 अगस्त को सुबह 6 पवित्र नगरी अमरकंटक से बमलेश्वर धाम बावनगढ़ के लिए बोल बम कावड़ यात्रा नर्मदा अंचल वीर शिवाजी युवा संगठन हीरा सिंह श्याम मित्र मंडली के नेतृत्व में निकलेगी। इस यात्रा में लगभग 2000 लोगों के शामिल होने की व्यवस्था बनाई गई है। बोल बम कावड़ यात्रा का यह सफर लगभग 45 किलोमीटर का होगा जो सुबह नर्मदा जल लेकर यात्रा प्रस्थान करेगी और शाम को बमलेश्वर धाम बावनगढ़ पहुंचेगी जहां पर भोलेनाथ पर जलाभिषेक सभी भक्तगण करेंगे। पिछले 6 वर्षों से निरंतर निकलने वाली बोल बम कावड़ यात्रा का नेतृत्व करने वाले भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने बताया कि मैकल पर्वत की वादियों में प्राचीन मंदिर बमलेश्वर धाम बावनगढ़ स्थित है यहां पर नर्मदा जल का जलाभिषेक करना अपने आप में एक पुण्य का कार्य है हमारी समिति पिछले 6 वर्षों से इस यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कर रही है और इस वर्ष भी 4 अगस्त को यह यात्रा निकलेगी।

### माध्यमिक शाला कन्या बस्ती मे किया गया वृक्षारोपण

अनूपपुर। मप्र शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम के तहत माध्यमिक शाला कन्या बस्ती अनूपपुर द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम की अतिथि अनूपपुर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती मति सोनाली पिंटू तिवारी, वार्ड नम्बर 14 की पार्षद श्रीमती कंचन गजेन्द्र सिंह रही अन्य आमंत्रित अतिथियों में भाजपा के वरिष्ठ नेता गजेन्द्र सिंह, पार्षद सुभाष पटेल, समाजसेवी भाजपा नेता पिंटू तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्येन्द्र स्वरूप, चैतन्य मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य अजय प्रसाद, शैल शर्मा, सविता प्रजापति, एस स्वाति राव, विद्या राठौर ने वृक्षारोपण किया।

---

### उच्च न्यायालय तक पहुंचा वन क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध पेड़ों की कटाई का मामला

# 1000 एकड़ पर अतिक्रमण कर बड़े पैमाने पर चल रही पेड़ों की कटाई

### जंगल पर कब्ज़ा, काटे जा रहे पेड़, जिम्मेदारों ने साधा मौन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में आरक्षित वन भूमि पर बड़े पैमाने में हो रहे अतिक्रमण का गंभीर मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन की निष्क्रियता और वन क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जंगल की यह ज़मीन, जिसे सरकार द्वारा संरक्षित घोषित किया गया है। उस पर अतिक्रमणकारियों ने न केवल कब्ज़ा कर लिया है बल्कि मनमानी तरीके से पेड़ों की कटाई भी की जा रही है। यह कटाई सिर्फ पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचा रही, बल्कि उस पूरे क्षेत्र को प्रभावित कर रही है, क्योंकि वहाँ के जानवर हो या ग्रामीण, सभी इन्हीं जंगलों पर निर्भर हैं। बावजूद इसके संबंधित सरकारी विभाग और अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हुए हैं।

### वकील ने खुद की जांच, हाईकोर्ट की ली शरण

इस मामले को उजागर करने वाले अनूपपुर निवासी अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत दास पटेल है। जिन्होंने खुद मौके पर जाकर हालात का जायज़ा लेते हुए इससे जुड़े दस्तावेज़ जुटाए। उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें भेजीं, लेकिन जब कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने इस मुद्दे को जनहित याचिका के जरिये मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के सामने रखा। उनकी याचिका एक आपदा का अलार्म है, जिसे अनदेखा करना आने वाली पीढ़ियों के लिए भयावह साबित हो सकता है।



### 2012 और 2018 की रिपोर्ट में हुई अतिक्रमण की पुष्टि

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभिषेक पांडे और अधिवक्ता राजेश शर्मा ने कोर्ट को बताया कि इस वन क्षेत्र में लगभग 1000 एकड़ पर अतिक्रमण कर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई चल रही है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर दो व्यक्तियों मदन पटेल और सदन पटेल के नाम प्रस्तुत किए हैं। उनका दावा है कि इन दोनों ने वर्षों पहले जंगल की ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा कर लिया था। इस दावे की पुष्टि वर्ष 2012 में वन विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट में भी हुई, जिसमें बताया गया कि आरएफ 276 कंपार्टमेंट की 5.408 हेक्टेयर भूमि पर मदन पटेल का कब्ज़ा है। इसके बाद, 2018 में एक न्यायिक आदेश में भी यह पाया गया कि मदन और सदन पटेल आरक्षित वन भूमि पर कब्ज़ा किए हुए हैं। इन रिपोर्टों से यह साफ जाहिर होता है कि शासन और प्रशासन इस अतिक्रमण से भली भांति परिचित हैं, बावजूद इसके कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया।

### रिकॉर्ड में ज़मीन ट्रस्ट' के नाम, फिर भी कब्ज़ा

अधिवक्ता अभिषेक पांडे ने कोर्ट के सामने यह तथ्य भी रखा कि जिस ज़मीन पर यह अवैध कब्ज़ा किया गया है, वह 'लोक कल्याण ट्रस्ट' के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है, यानी सरकारी रिकॉर्ड में भी यह साफ है कि भूमि निजी नहीं है। इसके बावजूद, अतिक्रमणकारी न केवल ज़मीन का उपयोग खेती और निर्माण के लिए कर रहे हैं, बल्कि पेड़ों की अवैध कटाई करके वन संपदा को भी नुकसान पहुँचा रहे हैं। इस क्षेत्र में न केवल कानून की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, बल्कि सरकार की संपत्ति पर भी कब्ज़ा जमाया जा रहा है।





### तहसीलदार ने नहीं की कार्रवाई

अधिवक्ता राजेश शर्मा ने कोर्ट को बताया कि मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 248 के अनुसार, किसी भी सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा होने की स्थिति में तहसीलदार को कार्रवाई करनी होती है। लेकिन इस मामले में तहसीलदार ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह चुप्पी केवल लापरवाही नहीं, बल्कि इस मामले में तहसीलदार की भूमिका भी संदिग्ध है, जिससे शक होता है कि कहीं अधिकारी खुद इस अवैध कब्ज़े में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल तो नहीं क्योंकि अगर समय रहते कार्रवाई होती, तो शायद इतना बड़ा वन क्षेत्र बचाया जा सकता था।

### मिलीभगत का आरोप

याचिकाकर्ता का कहना है कि पूरे अनूपपुर क्षेत्र में आरक्षित वन भूमि पर बड़े पैमाने पर कब्ज़ा किया गया है। ऐसा लगता है कि या तो कुछ अधिकारी अतिक्रमणकारियों से मिले हुए हैं, या वे जानबूझकर आंख मूंद कर बैठे हैं। दोनों ही स्थितियों में यह सीधे तौर पर यह राज्य की कीमती वन संपदा को नष्ट करने की अनुमति देने जैसा है। इस याचिका के जरिये उन्होंने कोर्ट से यह अपील की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को सज़ा दी जाए।

### हाईकोर्ट ने लगाई रोक

जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जबलपुर हाईकोर्ट में जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिविजनल बेंच ने राज्य सरकार सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने नोटिस स्वीकार किया और जवाब प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। कोर्ट ने आदेश देते हुए यह भी कहा कि जब तक अगली सुनवाई नहीं होती, तब तक आरक्षित वन भूमि पर किसी भी प्रकार की पेड़ों की कटाई या नया अतिक्रमण नहीं किया जाए, सिवाय इसके कि वन अधिकारी द्वारा नियम अनुसार अनुमति दी गई हो।

### कोर्ट में पेश होगी रिपोर्ट

इस जनहित याचिका पर अब अगली सुनवाई 10 सितंबर 2025 को होगी। अगली सुनवाई में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट दाखिल करेगी। जिसमें अतिक्रमण की स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी शामिल होगी।

---

## रेफर केंद्र मे तब्दील हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

### धरती के भगवान बिना भगवान भरोसे अस्पताल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की स्थिति बदल हो चुकी है आलम यह है कि उधार के भरोसे अस्पताल को संचालित किया जा रहा है अस्पताल की व्यवस्था की देखे रेख भगवान बस भरोसे चल रही है। वर्तमान में स्थितियां है कि बारिश का मौसम होने के कारण प्रतिदिन अस्पताल में दो सैकड़ा से अधिक अधिक विभिन्न बीमारियों से पीड़ति इलाज कराने पहुंच रहे हैं लेकिन पर्याप्त चिकित्सकों के नहीं होने के कारण लोग परेशान होते हुए दूसरी जगह या जोल झोलाछाप प्रैक्टिसनरों के पास मजबूरी बस इलाज कराने को विवश सो रहे हैं। कोतमा में नियमित रूप से डॉक्टरों की पदस्थापना नहीं होने के कारण स्थिति यह हो गई है कि कोतमा अस्पताल रेफर केंद्र बंद कर रह गया है। नागरिकों एवं पूर्व पार्षद के द्वारा हाई कोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गई थी और उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी आज तक अस्पताल में डॉक्टरों की प्रतिस्थापन नहीं की गई। कुछ दिनों पूर्व वाहवाही लूटने के लिए सोशल मीडिया में यह खबर आई की अनूपपुर जिले को बांड में 24 डॉक्टर मिले हैं, लेकिन आज तक यह पता नहीं चल पाया कि वह डॉक्टर अनूपपुर जिले में आए या नहीं इसे कोई बताने वाला नहीं है। इतना जरूर है कि जिला चिकित्सा अधिकारी के द्वारा यह कहा जाता है कि बांड मे आये तीन डॉक्टरों की पद स्थापना कोतमा में जल्द की जाएगी लेकिन आज तक डॉक्टरों की पदस्थापना नहीं हो पाई। शनिवार को लगभग 70 लोग विभिन्न बीमारियों से पीड़ति इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे लेकिन अस्पताल में ड्यूटी में मात्र एक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संगीता प्रजापति मरीज का इलाज करते नजर आई। खंड चिकित्सा अधिकारी अपने कार्यालय में जरूर बैठे थे लेकिन उन्हें मरीज का इलाज करने की फुर्सत ही नहीं थी बताया जाता है कि सारे डॉक्टर पीजी की परीक्षा देने चले गए हैं जिसके कारण 4 अगस्त तक आयुष चिकित्सा अधिकारी के भरोसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था संचालित की जाएगी। वैसे भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थितियां हो गई है कि आसपास के उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डाक्टरों की ड्यूटी लगाते हुए काम चलाया जा रहा है।



## जुआंरी चार, जप्ती 8 लाख की, स्विफ्ट कार सहित भारी मात्रा में नगदी बरामद

### दूसरे जिले से आकर खेल रहे थे जुआं, कोतमा पुलिस ने की जुएं की बड़ी रेड कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे जिले भर में जुआ-सट्टा संचालन पर अंकुश लगाने हेतु सट्टा-जुआ खेलने एवं संचालित करने वालों के विरूध्द अभियान चलाकर ताबड तोड कार्यवाहिया की जा रही हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी तथा एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में 01 अगस्त को थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ला को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कोतमा फिल्टर प्लांट शासकीय कालेज ग्राउन्ड के पास झाड़ियों के तरफ कुछ व्यक्ति एक चार पहिया वाहन में जुंआ खेल रहे है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी कोतमा द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बतायें हुए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई तो एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 10 एस 9900 के अन्दर बैठकर चार व्यक्ति जुआ खेल रहे थे जिनसें पूछतांछ पर अपना नाम अवधेश कुमार चौधरी पिता स्व. बेचू चौधरी निवासी अमराडंडी बाजार के पास बुढ़ार जिला शहड़ोल, अभिषेक प्रताप सिंह पिता विजय शंकर सिंह निवासी रेल्वे कांलोनी धनपुरी जिला शहड़ोल, अजय कुमार गुप्ता पिता रामचन्द्र गुप्ता निवासी पुरानी बस्ती अमराडंडी बुढार जिला शहड़ोल तथा हुसैन अब्बास पिता स्व. अजहर अब्बास निवासी अमलाई थाना चचाई जिला अनूपपुर का होना बतायें जिनके पास से ताश की गड्डी, नगदी रकम 3,53,780 रूपये एवं एक सफेद रंग की मारूती सुजुकी स्विफ्ट कार कीमती 4,50,000 रूपये की कुल मशरूका 803780 रूपये का जप्त कर उपरोक्त व्यक्तियों के विरूध्द धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरी.रत्नाम्बर शुक्ल के साथ सउनि सुखीनंद यादव, प्र.आर. रामखेलावन यादव, प्र.आर. दिनेश राठौर ,प्र.आर. ज्ञानेन्द्र पासी, चा.आर. अनिल मरावी की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।

---



## विद्युत विभाग अनूपपुर से लाइन कर्मचारी कमला यादव हुए सेवानिवृत्त

### कार्यक्रम का आयोजन कर दी गई भावभीनी विदाई

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वरिष्ठ लाइन परिचारक कमला यादव 31 जुलाई को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय अनूपपुर ग्रामीण से सेवानिवृत्त हुए। होटल गोविंदम मे विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त कमला यादव को विभाग के अधिकारियों एवं साथी कर्मचारियों द्वारा शाल श्रीफल एवं माला पहनाकर उपहार प्रदान किया गया तथा सेवानिवृत्ति पश्चात आगामी सुखद जीवन हेतु मंगल कामना करते हुए बधाई देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सहायक अभियंता शुभम डावर ने कहा कि आपका होना वैसा ही था जैसा परिवार में किसी मुखिया का होना। आपके सेवानिवृत्त हो जाने से विद्युत परिवार में मुखिया की कमी हमेशा खलेगी। विदाई समारोह मे शामिल हुये कनिष्ठ अभियंता अनूपपुर ग्रामीण सुनील पटेल, अनूपपुर शहर मनीष जोशी, जनप्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह ने भी श्री यादव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना किये। इस अवसर पर अधिकारियों व साथी कर्मचारियों ने उद्बोधन में कहा कि श्री यादव ने कार्य की प्रगति मे हमेशा तत्परता से काम किया वही कभी- कभी समस्या होने पर समझा बुझाकर काम को सिखलाया, कर्मचारियों के प्रति दुलार और स्नेह भी बरसाते रहे, कभी किसी के प्रति नकारात्मक सोच की भावना के साथ कार्य नही किये बल्कि सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते रहे और अपना कार्यकाल अच्छी तरह पूरा किए। कर्मचारियों के अलावा नाराज उपभोक्ताओं के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर समस्याओं के गतिपूर्ण समाधान का आपका कोई सानी नही। अपने कार्यकाल में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण दक्षता के साथ किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायी है। श्री यादव लगातार 20 वर्षों तक पिपरिया मुख्यालय मे रहकर जनता की सेवा की जो अपने आप मे एक मिशाल है। लाइन मेंटीनेंस, फाल्ट ढूंढने मे इन्हे महारत हासिल है, वही श्री यादव ने उद्बोधन मे कहा कि यह तो शासन की रीति है कि जो नौकरी पर आता है उसे एक दिन सेवानिवृत्त होना ही पडता है, मैने अर्धवार्षिकी पूरी कर ली है। इस दौरान जितना मुझसे हो सकता था वह मैने कार्य किया। अगर गलती हुई हो तो विद्युत विभाग के कथन अनुसार भूल चूक-लेनी देनी की तरह गलतियां सुधारकर उसे भुला देना चाहिये। कार्यक्रम का सफल संचालन जेपीएन शर्मा ने करते हुये श्री यादव के साथ गुजारे हुये पलों को बताकर यादें ताजा कर दी। खुशनुमा माहौल मे विदाई का समारोह का आयोजन संपन्न हुआ जहां विद्युत विभाग के अधिकारी व समस्त कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी कमला यादव के परिजन भी शामिल हुये।

## हर्री के तालाब में सामूहिक सहयोग से हुआ सीढ़ी निर्माण

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** ग्राम पंचायत हर्री हमेशा से सामूहिक योगदान में सबसे आगे रहा है। इस वर्ष भी गांव के समस्त निवासी अपनी एकता और निष्ठा भाव का उदाहरण देकर सीढ़ी निर्माण कार्य को संभव कर दिखाया है। ग्राम पंचायत हर्री मे पूरे गांव के निस्तार हेतु शिव मंदिर आम्हा तालाब है जिस पर मृत्यु उपरांत स्नान किया जाता है और साथ ही कई प्रकार के सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम के लिए इस तालाब का उपयोग किया जाता है। इस तालाब पर पूरे गांव मे सामूहिक सहयोग व आर्थिक सहयोग समय योगदान दे कर सीढ़ी निर्माण किया गया जिसकी लागत तीन लाख बीस हजार रुपए आई। जिस पर मुख्य रूप से सहयोग देने वाले व्यक्ति सेवानिवृत शिक्षक ललन राठौर, संजय राठौर, एडवोकेट हीरालाल राठौर ,जगदीश राठौर, सरपंच श्रीमती संतोषी खैरवार, उपसरपंच माधव लाल राठौर, वार्ड पंच सीमा राठौर, दिनकर खैरवार और प्रभात सिंह की समस्त युवा टीम, साथ ही ठेकेदार के रूप में ललन राठौर, नत्थू राठौर, जयकुमार राठौर व गांव के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपना अमूल समय योगदान दिया।



## मुख्य स्टोर प्रभारी हुये सेवानिवृत्त



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके वर्मा की उपस्थिति में कार्यालय स्टोर प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्टाफ के द्वारा तिलक लगाकर फूलमाला एवं गुलदस्ता के साथ उनका स्वागत किया गया। सभी लोगों ने कार्य क्षमता की सराहना करते हुए विभाग में उनकी कमी महसूस किया। इस अवसर पर शिवेंद्र द्विवेदी द्वारा संचालन किया गया। इस अवसर पर महेश कुमार दीक्षित रेनू सिंह प्रभारी प्रचार बीएससी नर्सिंग कविता सिंह राठौड़ जिला लेखा प्रबंधक रामसेवक अहिरवार के साथ अनेक स्टाफ उपस्थित रहे। विनोद मिश्रा ने उद्बोधन में कहा कि मैं अनूपपुर में लगभग 2022 वर्ष से सेवा दे रहा हूं यदि जाने अनजाने कोई गलतियां हुई हो यह मेरी बातों को लोगों को बुरा लगा हो तो उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं और इस विभाग के लिए मैं सदैव सेवा के लिए तैयार हूं। मेरी जब भी जरूरत पड़े आधी रात को भी मैं पहुंच कर अपने दायित्व का पालन करूंगा। अंत में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके वर्मा ने अपने शब्दों में कहा कि यह एक परंपरा है सभी को एक दिन रिटायर होना है यहां का हर स्टाफ हमारी आंख और हाथ है मेरे सभी से यही आग्रह है कंधे से कंधा मिलाकर विभाग का कार्य करें और शासन के योजनाओं का आम जनता तक लाभ पहुंचाएं।



## मजदूर कांग्रेस ने किया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** मजदूर कांग्रेस के पंचशील कार्यक्रम के तहत शनिवार को अनूपपुर मधु वाटिका के बगल में नए कार मोटरसाइकिल पार्किंग स्टेंड में द्वितीय चरण के वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव व अतिथि गण मुख्य स्टेशन अधीक्षक एम पी शर्मा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ) केदार साहू, सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य अरविंद कुमार, सीएस कमर्शियल श्रीमती उमा थामस, अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। लगभग 50 पौधे नीम, गुलमोहर, आम, जामून के लगाकर ट्री गार्ड से सुरक्षित किए गए। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के कोषाध्यक्ष सदाशिव पांडे ने बताया कि मजदूर कांग्रेस अपने पंचशील कार्यक्रम के तहत 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 15 अगस्त तक वृक्षारोपण कार्यक्रम कर वृक्ष लगाकर प्रर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारी संख्या में सभी विभागों के रेल कर्मचारियों ने भाग लेकर वृक्षारोपण कार्य किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में रेल कर्मचारी एवं पर्यावरण प्रेमी ने भाग लिया जिनमें प्रमुख थे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के अध्यक्ष सिराज मंसूरी, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार राय, शाखा पदाधिकारी एस संजीव राव, संतोष पनगरे, प्रमोद गौर, अजीत कुमार, मणी मधुकर, पप्पू कुमार, रवि कुमार, थानू सिंह, सफाई कामगार कर्मचारी नेता अजय चौधरी आदि शामिल हुए।

**मार्कशीट गुम सूचना**

हेमंत कुमार सिंह पिता श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह निवासी ग्राम धरहरकला पोस्ट लखौरा थाना राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर (म.प्र.) की पी.जी.डी.सी.ए. फाईनल ईयर मार्कशीट की मुख्य प्रति जिसका रोल नंबर 608839 जो कि 30/01/2025 को राजेन्द्रग्राम से अपने घर धरहरकला आते समय रास्ते में गिर गया मैं तुरन्त वापस होकर ढूंढने का प्रयास किया किन्तु आज दिनांक 01/08/2025 तक नहीं मिला। अत: उक्त मार्कशीट की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए उक्त विज्ञापन प्रकाशित करवा रहा हूं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मनीष शुक्ला उम्र 48 वर्ष पिता रामानुज शुक्ला निवासी ग्राम राजनगर शिवाजी वस्त्रालय थाना रामनगर तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) का हूँ। मेरा आधार नं-8904.9691.2326 है। मेरी पुत्री का नाम लकी शुक्ला व इशिता शुक्ला दोनों मेरी पुत्री के है मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम लकी शुक्ला लिखा हुआ है, जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में लकी उर्फ इशिता शुक्ला दर्ज है। मेरी पुत्री का आधार कार्ड में दर्ज लकी शुक्ला एवं अन्य शैक्षणिक अभिलेखों इशिता शुक्ला होने से उसका प्रमाणीकरण व्यवहार न्यायालय वर्ग-02 कोतमा के माध्यम से जरिये प्रकरण क्र. RCSA/64/2023 के आधार पर 29.11.2023 को आदेशित किया गया है। मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज लकी शुक्ला को विलोपित कराकर उसके स्थान पर उसका नाम स्थायी रूप से इशिता शुक्ला (ISITA SHUKLA) अंकित कराना चाहता हूँ जिस बावत् यह शपथ पत्र निष्पादित है।